दिन– सोमवार

दिनांक– 14 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी। अब तक अट्ठासी प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्र जमा किये गए।

02. एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी शुरू। कल दोपहर बाद लगभग तीन बजे धरती पर पहुंचने की संभावना।

03. प्रदेश में एक बार फिर सक्रिय हुआ मानसून। कई जगहों पर हुई झमाझम बारिश। पिछले चौबीस घंटों में वज्रपात की घटना में नौ लोगों की मौत।

04. और, आज सावन की पहली सोमवारी है। मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लगा है तांता।

---

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी है। अब तक अट्ठासी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किए जा चुके हैं। अब मात्र ग्यारह दशमलव आठ दो प्रतिशत गणना फॉर्म जमा करना शेष है। निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि छह करोड़ साठ लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा किए जा चुके हैं। इनमें से पांच दशमलव सात चार करोड़ फॉर्म को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। आयोन ने कहा गया है कि एक दशमलव पांच नौ प्रतिशत मतदाताओं की मौत हो चुकी है। दो दशमलव दो प्रतिशत मतदाता स्थायी तौर पर किसी और जगह निवास कर रहे हैं। वहीं, शून्य दशमलव सात तीन प्रतिशत मतदाताओं के नाम एक जगह से अधिक पाये गए हैं।

इस बीच आयोग ने कहा है कि जिन मतदाताओं के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं वे फिलहाल गणना प्रपत्र जमा कर दें। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि दस्तावेज़ जमा करने के लिए मतदाताओं को तीस अगस्त तक का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि बाहर रहने वाले मतदाता ईसीआई नेट प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी अपना गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं। गणना फॉर्म जमा करने में अभी ग्यारह दिन शेष हैं।

————————————————————————

गयाजी जिले के मानपुर प्रखंड अंतर्गत नौरंगा स्थित बूथ संख्या एक सौ उन्नीस पर मतदाता सूची पुनरीक्षण में ऑनलाइन फॉर्म भरने के नाम पर लोगों से पैसे लेने के आरोप में बीएलओ पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दूसरी तरफ, पटना के पालीगंज अनुमंडल में मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में पैंतीस बीएलओ और छब्बीस बीएलओ पर्यवेक्षक के एक दिन के वेतन पर रोक लगा दी गई है। वहीं बेगूसराय के मटिहानी में एक बीएलओ बजाहत अली फारूखी को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

————————————————————————

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक बार फिर राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर सवाल उठाया है। उन्होंने अरोप लगाया कि पुनरीक्षण के दौरान गरीब और वंचित लोगों को जमा किए जाने वाले दस्तावेज को लेकर व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

———बाइट———

पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने चुनाव आयोग के उस दावे पर सवाल उठाया है जिसमें कहा गया है कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के नागरिकों की पहचान की गई है।

———बाइट——— –

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान को लेकर किसी भी मतदाता को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने पुनरीक्षण अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि मतदाता सूची की विसंगतियों को खत्म करना एक संवैधानिक प्रक्रिया है।

———बाइट———

———————————————————————————

एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू हो गई है। आज शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर ये सभी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए। मिशन के सदस्य लगभग तेईस घंटे के सफर के बाद कल दोपहर बाद लगभग 3 बजे धरती पर पहुंच जाएंगे। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लौटने के बाद उन्हें फ्लाइट सर्जनों के निरीक्षण में सात दिन रखा जाएगा ताकि वे वापस धरती के गुरुत्वाकर्षण में समायोजित हो सकें। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचने वाले वे पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले विंग कमांडर राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष में गए थे। शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष केन्द्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सात प्रयोग किए। अपने विदाई भाषण में शुभांशु शुक्ला ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा को अविश्वसनीय बताया। शुक्ला को लेकर एक्सिओम–4 मिशन 26 जून को आईएसएस के लिए रवाना हुआ था। समाचार कक्ष से मनोज।

लखनऊ में मीडिया से बातचीत में शुभांशु शुक्ला के पिता शम्भु दयाल शुक्ला ने कहा कि सुरक्षित वापसी के लिए वे लगातार ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

———बाइट———

जिसके लिए हम लोग इतने दिनों से इंतजार कर रहे थे। अब वह जो वापसी हो रही है हम लोगों को बहुत ही खुशी है और बहुत प्रसन्न है कि जल्दी से जल्दी वह वापस आ जाय। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जो सक्सेस जो है पृथ्वी पर आसानी से उनका वापस हो, यह हमारे लिए बड़ी खुशी का दिन है।

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरू प्रकाश पासवान ने कहा है कि एनडीए के घटक दलों के बीच किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं है। आज पटना में सवांददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि गठबंधन में सभी दलों को पर्याप्त सम्मान दिया जाता है।

———बाइट———

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार हर आपराधिक घटना पर कार्रवाई कर रही है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए भी कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

———बाइट———

---

आज सावन की पहली सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

---

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। आज पटना, वैशाली, सारण, सीवान, जहानाबाद, मुंगेर, जमुई, कैमूर, बांका और शिवहर समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। वैशाली जिले के भगवानपुर में सबसे अधिक पचपन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने कल जमुई, नवादा और गया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई

और कई अन्य घायल हो गए। बांका ज़िले में सबसे अधिक पाँच और गया ज़िले में दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, पटना और नालंदा ज़िले में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में स्टार्टअप और नवाचार को गति देने के लिए बिहार आइडिया फेस्टिवल पोर्टल की शुरूआत की है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज इस पोर्टल का उद्घाटन किया। श्री मिश्रा ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम स्टार्टअप के साथ–साथ युवा, स्वयं सहायता समूह और नवोदित उद्यमी अपने व्यावसायिक विचार सीधे उद्योग विभाग तक पहुंचा सकेंगे।

———बाइट———

———————————————————————

वन और पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक प्रदेश में चार करोड़ नब्बे लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। समस्तीपुर में वन महोत्सव पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में वन क्षेत्र बढ़कर बारह दशमलव पांच पांच प्रतिशत हो गया है।

———बाइट———

———————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी के तत्वावधान में आज दरभंगा में वार्तालाप सह क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा ने किया। कार्यशाला को पीआइबी पूर्वोत्तर क्षेत्र के महानिदेशक श्री रेड्डी प्रकाश और पीआईबी पटना के सहायक निदेशक सौरभ कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

———————————————————————

बेगूसराय के लोहियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघा रेलवे गुमटी के पास अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक मनीष ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी विवाद का प्रतीत होता है।

---

01. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी। अब तक अट्ठासी प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्र जमा किये गए।

02. एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी शुरू। कल दोपहर बाद लगभग तीन बजे धरती पर पहुंचने की संभावना।

03. प्रदेश में एक बार फिर सक्रिय हुआ मानसून। कई जगहों पर हुई झमाझम बारिश। पिछले चौबीस घंटों में वज्रपात की घटना में नौ लोगों की मौत।

04. और, आज सावन की पहली सोमवारी है। मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लगा है तांता।

---

समाप्त